bility of the company. Since these are exploration offerings, the quantum of likely production can be known only if a discovery is made.

(d) This offer has been made to supplement the oil exploration efforts of ONGC.

उत्तर प्रदेश और बिहार में अनुसूचित जातियों/पिछड़े वर्गों के लोगों को गैस की एजेंसी और मिट्टी के तेल की डीलरशिप का आबंटन

3739. श्री राम नरेश यादव : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान वर्षवार उत्तर प्रदेश और बिहार में अलग-अलग गैस की कितनी एजेंसियां दी गयी हैं और मिट्टी के तेल के कितने डिपो खोले गए;

(ख) उपरोक्त संख्या में से अनुसूचित जातियों/पिछड़े वर्गों और अल्प संख्यकों से संबंधित व्यक्तियों को दी गई एजेंसियों और मिट्टी के तेल की डीलरशिपों की संख्या कितनी है; और

(ग) इन समुदायों से संबंधित कोटे के भरने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) उत्तर प्रदेश और बिहार में स्वीकृत एल०पी०जी० की डिस्ट्रीब्यूटरशिपें तथा खोली गई एस० के० ओ० की डीलरशिपों की संख्या निम्नलिखित है :—

	1991–92		1992–93 (अप्रैल–दिसम्बर)	
	एल०पी०जी०	एस०के०ओ०	एल०पी०जी०	एस०के०ओ०
उ० प्रदेश	25	2	14	5
बिहार	6	8	11	1

(ख) उपर्युक्त में से एस० के० ओ० की सात डीलरशिपें और एल० पी० जी० की एक डिस्ट्री-ब्यूटरशिप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति की हैं। पिछड़े वर्गों अथवा अल्पसंख्यकों के लिए कोई आरक्षण नहीं हैं।

(ग) आरक्षण मानदंडों का सावधानी से अनुपालन किया जाता है। किसी प्रकार की कमी को अनुवर्ती विपणन योजनाओं में जोड़ दिया जाता है।

कच्चे तेल का उत्पादन शुरू करने के लिए निर्धारित लक्ष्य

3740. श्रीमती सुषमा स्वराज :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न नई परियोजनाओं द्वारा कच्चे तेल का उत्पादन शुरू करने संबंधी लक्ष्य निर्धारित किया गया है;